पंचदश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-21.02.2014 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० श्री नितिन नवीन, स०वि०स० श्री संजय सिंह टाईगर, स०वि०स० श्री रामदेव महतो, स०वि०स०	"लखीसराय जिलान्तर्गत पिछले दो माह के अन्दर पुलिस प्रशासन की लापरवाही से अपराधियों के मनोबल बढ़े हैं । जिला में दर्जनों हत्याएँ, लूट, बलात्कार एवं अपहरण की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है । हाल में ही लखीसराय के इंगलिश मोहल्ला में अधिक यादव नामक चाय विक्रेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई । 18 फरवरी, 2014 को बड़हिया निवासी 14 वर्षीय डी०ए०वी० का छात्र अंकित राज का अपहरण कर लिया गया । जिला में प्रशासन- तंत्र बिल्कुल ही असफल साबित हो रहा है । अत: अपराधियों के विरूद्ध पुलिस दबिश बढ़ाकर अपहरणकर्त्ताओं को शीघ्र गिरफ्तार कर अपहृत अंकित राज की बरामदगी हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	गृह (आरक्षी)

1	2	3	4
2.	श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी, स०वि०स० श्री राजीव रंजन, स०वि०स० श्री राम सेवक सिंह, स०वि०स० श्री श्याम बहादुर सिंह, स०वि०स० श्री सुरेश चंचल, स०वि०स० श्री राज कुमार राय, स०वि०स० श्री श्याम बिहारी राम, स०वि०स०	"बिहार राज्य के मुंगेर जिलान्तर्गत निर्माणाधीन रेल-सह-सड़क पुल से पूरब गंगा नदी के उत्तरी किनारे पर 10 से 12 कि०मी० गंगा कटाव रोकने, बंडाल (स्पर) बनाने हेतु जिला पदाधिकारी, मुंगेर ने अपने पत्रांक-422, दिनांक-05.09.2008 द्वारा एक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार को लिखा है तथा तत्कालीन नगर विकास एवं आवास मंत्री ने अपने आवासीय पत्रांक-87, दिनांक-26.02.2009 द्वारा सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, पटना को पत्र लिखा है कि मुंगेर सदर प्रखंड के बिहारी मरड़, टीकापुर, तोफिर, भेलवा सहित 18 टोले एवं खगड़िया सदर प्रखंड के कुल-09 टोले के लगभग एक लाख की आबादी गंगा के कटाव से विस्थापित हो रहे हैं तथा लगभग दो लाख एकड़ उपजाऊ जमीन गंगा के कटाव से गंगा में विलीन होने के कगार पर है। अतः जिला पदाधिकारी, मुंगेर एवं तत्कालीन मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रों के आलोक में शीघ्रातिशीघ्र कार्य करने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं।"	जल संसाधन

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-06/14- 420 / वि०स०, पटना, दिनांक-20 फरवरी, 2014 ई०।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / गृह (आरक्षी) विभाग तथा जल संसाधन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20.2.14
(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-06/14- 420 / वि०स०, पटना, दिनांक-20 फरवरी, 2014 ई०।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित।

20.2.14
(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।